हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

04 वैज्ञानिक पद्धति से कचरे के निष्पादन के लिए बनेगा...



07 नप की कर वसूली हुई 60%, सीएमओ...





### जिले में मूंगफली का रकबा 500 हेक्टेयर तय किया

# नई पहल: मूंग की जगह मूंगफली से जल संरक्षण और बेहतर आय की ओर कदम

ग्रीष्मकालीन खेती को ओर अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से नर्मदापुरम जिले में नई पहल की जा रही है। मूंग से साथ ही मूंगफली लगाने की सलाह दी जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में ग्रीष्मकालीन खेती को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और पर्यावरण,अनुकूल बनाने की दिशा में कृषि विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाते हुए इस बार विशेष रूप से कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में मूंग के साथ ही मूंगफली की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो कम लागत और कम सिंचाई में भी बेहतर उत्पादन देने में सक्षम है। जिले में मूंग का रकबा 2 लाख 95 हजार हेक्टेयर हैं इसमें से 500 हेक्टेयर रकबा मूंगफली के संरक्षित किया गया है। कृषि विभाग के इस फसल विविधकर में मूंगफली भी मूंग के साथ ही लगाई जाएगी। जिसकी फसल करीब 90-95 दिनों में तैयार होगी।

वैसे जिले में लगातार रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी आदी हो जाती है, जिससे हर वर्ष अधिक मात्रा में उर्वरक डालने की आवश्यकता पड़ती है और खेती की लागत बढ़ती जाती है। यह स्थिति दीर्घकाल में किसानों की आय और भूमि की सेहत दोनों के लिए चुनौती बन जाती है।

### रासायनिक उर्वरकों के दुष्परिणाम से बचाव की दिशा में कदम

जिले में 60 दिनों में तैयार होने वाली मूंग की फसल में अधिक उत्पादन की चाह से रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप, मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता धीरे-धीरे घटती है,भूमि की जैविक संरचना प्रभावित होती है, भूजल प्रदूषण का खतरा बढ़ता है, मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और पकने के दौरान सफाया नामक केमिकल के प्रयोग से हरी मूंग को सुखाया जाता है। यह केमिकल आंखों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

### फसल विविधीकरण से समाधान

मूंगफली जैसी फसलें न केवल कम पानी में तैयार होती हैं, बल्कि भूमि की उर्वरता सुधारने में भी सहायक होती हैं। फसल विविधीकरण अपनाने से मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। इससे खेती अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनती है।

### उन्नत बीज और तकनीकी मार्गदर्शन

कृषि विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन सीजन के लिए मूंगफली की उन्नत प्रजातियों का बीज विकासखंडों में स्थित कृषि विभाग के कार्यलयों में उपलब्ध होगा। ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। साथ ही विभिन्न ग्रामों में बैठकें एवं किसान पाठशालाएं आयोजित कर उन्नत खेती तकनीक,बीज उपचार, संतुलित उर्वरक प्रबंधन,समेकित कीट नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

## मिट्टी की सेहत सुधरेंगी, उर्वरक पर आत्मनिर्भरता कम होगी



यह पहल न केवल जल संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम है, बल्कि मिट्टी की सेहत सुधारने और किसानों की आय बढ़ाने की मजबूत नींव भी है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में यह प्रयास जिले की कृषि व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, समृद्ध और टिकाऊ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। कृषि विभाग के इसकी तैयारी में जुटा हैं। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि रथ विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी भी गई हैं। कृषि उपसंचालक रविकांत सिंह ने बताया कि फसल विधीकरण के दौरान किसानों को मूंग के साथ ही मूंगफली की फसल लगाने की समझाइश दी है। जिले में यह नवाचार के तहत हो रहा है। मूंगफली का फसल के लिए 500 हेक्टेयर का रकबा लिया है। किसान मूंग के साथ ही मूंगफली भी लगाए, यह समझाइश दी है। यह प्राय:90-95 दिनों की होगी। कृषि विभाग द्वारा विकासखंडवार मूंगफली का उन्नत बीज उपलब्ध करवाया जाएंगा। ताकि किसान यह नवाचार करे। उन्होंने बताया कि सरकार इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है।

### ग्रामीण इलाकों में पहुंचे थे कृषि रथ

कृषि रथ ग्राम पंचायतों में पहुंचकर जहां कृषकों के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई थी। वहीं कृषि उपसंचालक रविकांत सिंह, सहायक संचालक कृषि शैलेन्द्र राठौर सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में संगोष्ठी के दौरान किसानों को कृषि वैज्ञानिकों ने आगामी सीजन में मूंग की उन्नत किस्मों तथा मूंगफली की वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने फसल प्रबंधन, बीज उपचार, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा कीट-रोग नियंत्रण के विषय में व्यवहारिक सुझाव दिए।

## कलेक्ट्रेट गेट पर करणी सेना परिवार का प्रदर्शन, भारी पुलिस बल तैनात रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

गुरुवार को कलेक्ट्रेट गेट छावनी में तब्दील नजर आया, जब करणी सेना परिवार एवं अन्य लोगों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रशासन ने एहतियातन मुख्य गेट को पूरी तरह बंद कर दिया और पूरे परिसर में बेरिकेट्स लगाकर भारी पुलिस बल तैनात किया। आपात स्थिति से निपटने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए थे। प्रदर्शनकारियों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर शांतिपूर्ण ढंग से एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान संभाग संरक्षक उमेश सिंह बैस, संभाग प्रभारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, संभाग अध्यक्ष नितेश सिंह सिकरवार, जिला प्रभारी सचिन सिंह, जिलाध्यक्ष विकास सिंह पवार, नगर अध्यक्ष शशिकांत ठाकुर, जिला मीडिया प्रमुख यतेन्द्र सिंह नानपा, नगर अध्यक्ष पिल्लू ठाकुर, वैभव सोलंकी, संगीता सोलंकी, जितेन्द्र सिंह राठौर, सहित बड़ी संख्या में करणी सेना परिवार के सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद रहे। ज्ञापन एडीएम राजीव रंजन पांडे को सौंपते हुए संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन उग्र रूप ले सकता है।



**अवैध रेत उत्खनन पर रोक की मांग**

ज्ञापन में रेत खदानों का सीमांकन, कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन और बड़ी मशीनों से नर्मदा नदी में हो रहे उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। संगठन ने जिला खनिज विभाग पर कथित रूप से रेत खदान सिंडिकेट को संरक्षण देने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ठेकेदारों द्वारा बनाए गए उड़नदस्तों को लाठी-डंडे और अवैध हथियार उपलब्ध कराए गए हैं तथा बिना नंबर की गाड़ियों से जिले में दहशत फैलाई जा रही है। ज्ञापन में 10 फरवरी को अधिवक्ता मनुप्रताप सिंह पर हुए कथित हमले का भी उल्लेख किया गया। इस मामले में कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई में देरी के आरोप लगाए गए। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। एडीएम ने आश्वासन दिया कि शासन के नियमों के तहत मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं संगठन ने चेतावनी दी कि यदि अवैध उत्खनन और सिंडिकेट पर कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं पीड़ित मनु प्रताप की पत्नि रक्षा परिहार ने पुलिस पर जमकर आरोप लगाए। उन्होंने घटना की शिकायत में विलंव होने पर भी सवाल उठाए है। हालांकि एडीएम राजीव रंजन पांडे ने आश्वासन दिया है कि शासन की तरफ से नियम और निर्देश है उसके तहत कार्रवाई की जाएगी। जो मांगे ज्ञापन में है उसकी जांच की जाएगी।

### नपाध्यक्ष ने जनसुनवाई में आए आवेदनों पर त्वरित सुनवाई के निर्देश दिए

**नर्मदापुरम।** नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने गुरूवार को जनसुनवाई आयोजित की। शाखा प्रभारियों को शिकायतों का त्वरित समाधान किए जाने का निर्देश दिया। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी के अनुसार, नपाध्यक्ष एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर जनसुनवाई शुरू की गई है, जिससे नागरिकों को सीधे लाभ मिल रहा है। गुरूवार को 10-12 आवेदन आए, जिनमें सफाई, पानी निकासी, पेड़ छंटाई और अनुकंपा नियुक्ति शामिल थीं। अधिकांश आवेदन तुरंत निपटाए गए, कुछ की जांच के बाद समाधान का आश्वासन दिया गया। वार्ड 30 की महिला की अनुकंपा नियुक्ति पर भी कार्रवाई की गई।

### अखंड निराहारी दादा गुरू का आगमन आज

**नर्मदापुरम।** मां नर्मदा के उत्तरी तट बांद्राभान संगम पर अखंड निराहार सिद्ध महायोगी दादा गुरु का नर्मदा परिक्रमा में आगमन आज होगा। उनके आगमन को लेकर भक्तगणों द्वारा तैयारी की जा रही है। भक्तों के लिए बांद्राभान स्थित दिवस बसेरा में सुबह 11 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं समस्त भक्तगणों ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि बांद्राभान स्थित दिवस बसेरे में आयोजित कार्यक्रम में पधारकर धर्मलाभ लें। दादा गुरु का मारा गांव में पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा एवं धर्म प्रेमियों ने पूजन किया गनेरा में सरपंच कृष्ण कुमार झा एवं ग्राम वासियों ने दादा गुरु का आशीर्वाद लिया शुक्रवार को सुबह सांगा खेड़ा कला बांद्राभान पहुंचेगे।

## अब पिंक लायसेंस देगा बेटियों को सड़क पर सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम




बेटी बचाओ बेटी बचाओ योजना अंतर्गत बेटियों को सशख्त और आत्म निर्भर बनाने की कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग और परिवहन विभाग के संयुक्त प्रयासों से गुरूवार को वन स्टॉप सेंटर में युवतियों के लिए निशुल्क शिविर में पिंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु लर्निंग लाइंसेस बनाए गए। इस शिविर में संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास अधिकारी ललित डेहरिया, संभागीय संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी, आरटीओ प्रमोद कापसे, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर प्रतिभाग वाजपेयी सहित अन्य स्टॉप मौजूद रहा। आरटीओ ने इस दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों को सभी युवतियों को समझाया साथ ही कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय लाइसेंस क्यों आवश्यक है, इसकी जानकारी दी गई।

## राजस्व, खनिज व पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर पकड़े, रेत से भरे 9 ट्रैक्टर-ट्राली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर में गुरुवार 26 फरवरी को राजस्व विभाग, खनिज विभाग तथा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए रेत के अवैध उत्खनन में संलग्न नौ ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ा गया है। सभी वाहन सोहागपुर थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़े किए गए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार 26 फरवरी 2026 को ग्राम सूकरी सुआखापा के समीप नदी से रेत के अवैध उत्खनन/परिवहन जांच के समय नौ ट्रैक्टर ट्राली पकड़े गए हैं। सभी को पुलिस अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार इसके पूर्व 15 दिसंबर 2026 को भी काजलखेड़ी से रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन में संलग्न एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा गया था।



इसे भी सोहागपुर थाने में पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया है। 15 फरवरी को काजलखेड़ी में की गई कार्रवाई दौरान खनिज निरीक्षक नर्मदापुरम् उपस्थित थे। सभी 10 ट्रैक्टर ट्रालियों को सोहागपुर थाने में खड़ा किया गया है। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर में कुछ दिन पूर्व तक फर्जी रॉयल्टी की आड़ में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के कार्य को बड़े पैमाने पर अंजाम दिया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार फिलहाल इस पर रोक लगी हुई है। तथा अब नई व्यवस्था व सेटिंग जमाने के प्रयास रेत चोरों द्वारा किये जा रहे हैं।

## नपा का विवाद पहुंचा कोतवाली पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष के सोशल मीडिया हैंडलर कपिल चौहान और स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी के बीच हुआ विवाद थाने तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर लिया है। नपाध्यक्ष नीतू यादव ने बताया कि स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी के खिलाफ पूर्व में भी कई शिकायतें मिल चुकी हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा 22 नवंबर 2025 को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त को पत्र लिखकर उनके कार्य व्यवहार पर आपत्ति जताई गई थी। पत्र में आरोप था कि वे सौंपे गए दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतते हैं और अधिकारियों व कर्मचारियों से अनुचित व्यवहार करते हैं। इसके पहले भी इन्हें कई बार नोटिस के माध्यम से अवगत कराया गया।

दूसरी ओर, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी का कहना है कि कपिल चौहान कार्यालय में गोपनीय जानकारी मांगने आए थे। मना करने पर उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने स्वच्छता निरीक्षक पर काम में लापरवाही का आरोप लगाया।

### कार ने मोटरसाइकिल को मारी जोरदार टक्कर, दो गंभीर घायल



**इटारसी।** बुधवार शाम करीब 7:00 बजे केसला थाने के सामने एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने दोपहिया वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोपहिया वाहन करीब 50 से 100 मीटर तक घिसटता चला गया। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहिया वाहन पर सवार अनिकेत उर्फ बदल चौहान उम्र 21 वर्ष, पिता जल्लू उर्फ रामकिशोर, निवासी मर्यारपुरा केसला तथा रोशन, पिता रूपसिंह सेलुकर उम्र 22 वर्ष, निवासी मर्यारपुरा केसला को गंभीर चोटें आई हैं।बताया जा रहा है कि चार पहिया वाहन क्रमांक एमएच 33 व्ही 3034 महाराष्ट्र से इटारसी की ओर जा रहा था, जिसे चालक सहदेव, पिता सीताराम गोदरा (उम्र 31 वर्ष) चला रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बिना देरी किए 112 डायल की मदद से घायलों को शासकीय अस्पताल सुखतवा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आगे रेफर कर दिया गया।

### त्योहारों के चलते मिठाई दुकानों पर 10 नमूने संग्रहित, 27 नमूनों की स्पॉट जांच

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में मिठाई, खोवा एवं अन्य दुग्ध उत्पाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में इटारसी स्थित प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इटारसी में स्थित गगन स्वीट्स की निर्माण यूनिट, बीकानेर स्वीट्स, विमल स्वीट एवं किशोर रेस्टोरेंट के निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मावा कतली, बर्फी, केसर बर्फी, मलाई बर्फी, राजस्थानी बर्फी, मिल्क केक, मगध लड्डू, मावा पेड़ा, शाही मिल्क केक एवं पेड़ा सहित कुल 10 खाद्य नमूने संग्रहित किए गए। इसके अतिरिक्त चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से 27 नमूनों की मौके पर ही स्पॉट जांच की गई। सभी व्यावसायियों को स्वच्छता बनाए रखने एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संग्रहित नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत न्यायालयीन कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मावा, मिठाई एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के निर्माण, परिवहन एवं भंडारण पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है, ताकि आमजन को सुरक्षित रहे।

### घनी आबादी वाले क्षेत्रों की पहचान कर जोनल प्लान तैयार करें: कमिश्नर

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम में आयोजित संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यक सुधार एवं दीर्घकालिक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को प्राक्कलन तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजने के लिए कहा। बैठक में तीनों जिलों में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई तथा राहवीर योजना और कैशलेस उपचार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया, ताकि दुर्घटना में घायलों को त्वरित सहायता मिल सके। संभागायुक्त ने घनी आबादी वाले क्षेत्रों की पहचान कर जोनल प्लान बनाने के निर्देश दिए, जिससे आपातकालीन वाहनों का आवागमन सुगम हो सके।

### राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने की प्रक्रिया जारी

# नपा इटारसी को सौंपी गई 37,000 वर्गफुट भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

मप्र विधानसभा के बजट सत्र के दौरान इटारसी शहर की एक महत्वपूर्ण नजूल भूमि को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने का मामला गूंजा। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया कि इटारसी नगर सुधार न्यास को सौंपी गई हजारों वर्गफुट भूमि को वर्तमान अभिलेखों में अद्यतन करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

### नजूल भूमि और आवंटन का विवरण

विधानसभा में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, इटारसी शहर के विभिन्न क्षेत्रों की कुल 37,000 वर्गफुट भूमि का मामला चर्चा में रहा।

**संबंधित प्लॉट:** नजूल शहर इटारसी के शीट क्रमांक 15, 16, 19, 20 के प्लॉट नंबर 1/1, 3/1 और 1 की भूमि इसमें शामिल है।

आवंटन: कार्यालय कलेक्टर जिला होशंगाबाद (अब नर्मदापुरम) द्वारा 29 दिसंबर 1982 के आदेशानुसार, यह भूमि 'नगर सुधार न्यास इटारसी' को अग्रिम आधिपत्य के रूप में 28 अगस्त 1982 को सौंपी गई थी।

### अभिलेखों में देरी पर प्रशासन का पक्ष

डॉ. शर्मा के प्रश्न (क्र. 1868) के उत्तर में राजस्व मंत्री ने बताया कि उक्त भूमि अभी तक पूरी तरह से राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हो पाई है।

### दर्ज नहीं होने के प्रमुख कारण

नगर पालिका द्वारा रिकॉर्ड की कमी: राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया कि इस संबंध में नगर पालिका इटारसी से संबंधित रिकॉर्ड और प्रमाणित दस्तावेज मांगे गए हैं, लेकिन नगर पालिका द्वारा अभी तक अपेक्षित रिकॉर्ड/दस्तावेज विभाग को नहीं सौंपे गए हैं।

**पत्राचार और अनुरोध:** मुख्य नगरपालिका अधिकारी, इटारसी द्वारा 15 दिसंबर 2021 और 13 दिसंबर 2024 को अनुविभागीय अधिकारी (SDO) को पत्र लिखकर भूमि को राजस्व अभिलेखों में अंकित करने का अनुरोध तो किया गया था, लेकिन आवश्यक दस्तावेजों की कमी बनी हुई है।

**अभिलेखों की खोजबीन:** प्रशासन ने स्वीकार किया कि आवंटन संबंधी मूल दस्तावेजों की उपलब्धता न होने के कारण पूर्व में यह नजूल रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो सकी थी।

**वर्तमान स्थिति:** वर्तमान में नजूल रिकॉर्ड का मिलान किया गया है और भूमि को नजूल अभिलेखों में "नगर सुधार न्यास" को आवंटित दर्शाया गया है।



### आगामी कार्यवाही

राजस्व विभाग ने सदन को आश्वस्त किया है कि अनुविभागीय अधिकारी, के कार्यालय में इस प्रकरण की खोजबीन और जांच जारी है। नगर पालिका से रिकॉर्ड प्राप्त होने, आवंटन आदेश की पुष्टि और आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात, इस भूमि को विधिवत रूप से राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाएगी।

## पहले टी-20 मैच में 221 रनों का पीछा कर रही हरदा 185 रन ही बना पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित सीनियर मेंस जिला स्तरीय टी-20 प्रतियोगिता का आगाज हुआ। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि व्हाइट बाल टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से संभाग की टीम का चयन किया जाता है जो आगामी 16 मार्च से एमपीसीए द्वारा आयोजित जेएन भाया टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी सदस्य अनुराग मिश्रा और जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष राजेश चौरे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता का पहला मैच नर्मदापुरम और हरदा के मध्य खेला गया जिसमें हरदा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नर्मदापुरम टीम ने कप्तान राहुल चंद्रौल के शानदार 74 रन,अथर्व महाजन 36 रन,गौतम



बौरासी के 25 और संदीप कैथवास के 20 रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 220 रन बनाए और 221 रनों का लक्ष्य हरदा को दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हरदा की टीम 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 185 रन ही बना सकी जिसमें सोहेल खान ने 50 रन,चंदन संगोले ने 43 रन और अक्षत सोलंकी ने 26 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। नर्मदापुरम टीम को गौरव दशोरे एवं संदीप कैथवास ने 2-2 और ऋत्विक दीवान, कार्तिक राजोरिया एवं प्रवीण यादव को 1-1 सफलता प्राप्त हुई।

## खबर संक्षेप



### वार्ड 17 में लगा संकल्प से समाधान अभियान शिविर

**सारनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत गुरूवार 23 फरवरी को वार्ड 17 में शिविर का आयोजन फेडरेशन स्कूल के पास किया गया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 16 फरवरी से 15 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार को वार्ड 17 में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद गणेश महस्की, शिविर प्रभारी जीएस पांडे, रामअवतार नागले, सुनील कसरादे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अन्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के आवेदन आए। इनका समय सीमा में निराकरण किया जाएगा।

### अवैध शराब मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** भैंसदेही पुलिस ने 262.64 लीटर अवैध शराब जप्ती के मामले में फरार मुख्य आरोपी उमेश खंडाइत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 22-23 फरवरी की रात्रि में धामनगांव तरफ से आ रही एक स्कॉर्पियो वाहन को पकड़ा था, जिसमें भारी अवैध शराब भरी थी, जो भैंसदेही तरफ जा रही थी। तालाशी के दौरान स्कॉर्पियो वाहन में 262.64 लीटर अंग्रेजी अवैध शराब 30 पेटी कीमत 3 लाख 44 हजार 112 रुपए मिला मय स्कॉर्पियो वाहन एवं अवैध मदिरा के जप्त किया। वहीं आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर एक आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जिला जेल भेजा गया था। वहीं प्रकरण में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी थी। पुलिस ने 25 फरवरी को मुख्य आरोपी उमेश खंडाइत को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश से जिला जेल बैतूल भेजा गया। गिरफ्तार मुख्य आरोपी उमेश खंडाइत का पूर्व से भी अवैध शराब परिवहन विक्रय का आपराधिक रिकॉर्ड है। मामले से जुड़े अन्य आरोपीगणों की तलाश एवं प्रकरण की विवेचना जारी है।

### पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन



**बैतूल।** शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई कोसमी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप 18 वर्ष से अधिक आयु की युवतियों के लिए आयोजित किया गया। शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री गौतम अधिकारी द्वारा बालिकाओं के लिए संचालित समस्त विभागीय योजनाओं तथा मार्शल आर्ट प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक अनामिका तिवारी द्वारा वन स्टाप सेंटर की जानकारी बालिकाओं को दी गई एवं वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा जिला परिवहन कार्यालय के अक्षय राने द्वारा पिंक लाइसेंस बनाने एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। शिविर में पिंक लाइसेंस बनाने के लिए बालिकाओं के ऑनलाइन आवेदन किए गए।

### पुलिया निर्माण से छात्र परेशान

**बैतूल।** शहर के जेएच कॉलेज चौक पर निर्माणाधीन पुलिया को लेकर गुरुवार को छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों के सडक़ पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। छात्रों का कहना है कि पुलिया निर्माण के कारण पिछले दो माह से कॉलेज की मुख्य सडक़ बंद है, जिससे छात्रों, शिक्षकों और आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## शहर से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से होगा कचरा निपटान

# वैज्ञानिक पद्धति से कचरे के निष्पादन के लिए बनेगा एमआरएफ सेंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के 33 वार्डो से करीब 35 टन कचरा निकलता है। इस कचरे का वैज्ञानितक पद्धति से निष्पादन करने के लिए नगरपालिका एमआरएफ सेंटर (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र) बना रही है। जिसमें प्रतिदिन के कचरे को रिसाइकिल किया जायेगा। हालांकि गौठाना स्थित ट्रेचिंग्र ग्राउंड में एमआरएफ सेंटर बनाने के लिए नगरपालिका ने ठेकेदार को वर्कआर्डर और ले आऊट डालने तक की प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन ऐन वक्त पर ट्रेचिंग ग्राउंड के आसपास रहने वाले लोगों ने ट्रेचिंग ग्राउंड का विरोध कर शिफ्ट करने की मांग की। जिसके चलते अभी इस कार्य को होल्ड पर रख दिया है। बताया जा रहा है कि ट्रेचिंग्र ग्राउंड के लिए नई जगह की तलाश जारी है। नई जगह मिल जाती है तो एमआरएफ सेंटर वहां बनाया जायेगा, अन्यथा उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार ट्रेचिंग ग्राउंड में ही एमआरएफ सेंटर बनेगा। बता दे कि अभी शहर से निकलने वाला कचरा गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचता है। जिससे ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का ढेर लगता जा रहा है। इस कचरे के निष्पादन के लिए एमआरएफ सेंटर (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र) बनाया जा रहा है। एमआरएफ सेंटर में प्रतिदिन आने वाले कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन की प्रक्रिया की जाएगी। बताया जा रहा है कि एमआरएफ सेंटर बनाए जाने के लिए करीब एक करोड़ रूपये खर्च होगे। जिसमें सिविल वर्क और मशीने लगेगी। जिससे यहां कचरे के निष्पादन के लिए मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र बनाया जाएगा। जहां प्रोसेसिंग प्लांट के जरिए कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन होगा। यानि सूखे कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर उपयोगी और गैर उपयोगी सामानों को अलग-अलग किया जाएगा और अलग-अलग मशीनों से यह काम होगा।

### गौठाना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कर रहे कचरा डंप

शहर से जो प्रतिदिन 35 टन कचरा निकल रहा है उसके निष्पादन के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए है। बता दे कि बैतूल शहर के 33 वार्डों से प्रतिदिन नगरपालिका द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का काम किया जाता है। इसके अलावा बाजार क्षेत्रों से भी कचरा संग्रहण होता है। नपा के मुताबिक शहर से प्रतिदिन 35 टन कचरा एकत्रित किया जाता है। यह कचरा गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप किया जा रहा है। इस वजह से ट्रेंचिंग ग्राउंड में लेगेसी वेस्ट प्लांट लगे होने के बावजूद कचरे का ढेर कम नहीं हो रहा है।

### ऐसे काम करता है एमआरएफ सेंटर

एमआरएफ सेंटर में सबसे पहले घर से, दुकानों से, और अन्य व्यावसायिक स्थानों से अलग-अलग कचरा इक_ा किया जायेगा और रीसाइकिल योग्य कचरा जैसे प्लास्टिक, कागज, धातु, कांच और गैर-रीसाइकिल योग्य सामग्री (जैसे सामान्य कचरा) को अलग-अलग किया जायेगा। रीसाइकिल योग्य सामग्री को अलग करके उसे रीसाइकिल प्रक्रिया के लिए तैयार किया जाता है। इसमें कचरे को साफ करना, चूर्णित करना, और अन्य प्रक्रियाएं शामिल हो सकती हैं। रीसाइकिल योग्य सामग्री को रीसाइकिल करने के लिए कारखानों या अन्य प्रसंस्करण सुविधाओं में भेजा जाता है, वहीं गैर-रीसाइकिल योग्य सामग्री को लैंडफिल या अन्य कचरा प्रबंधन सुविधाओं में भेजा जायेगा।

### इनका कहना है

एमआरएफ सेंटर के लिए वर्कआर्डर और ले आउट डाला जा चुका था, लेकिन आसपास के रहवासियों ने ट्रेचिंग्र ग्राउंड शिफ्ट करने की मांग की है। ऐसे में अभी इस कार्य को होल्ड कर दिया है। यदि ट्रेचिंग्र ग्राउंड के लिए नई जगह जमीन मिलती है तो वहां एमआरएफ सेंटर बनाया जायेगा। उच्चाधिकारियों के निर्देश के अनुसार कार्य करेगे।

**पंकज धुर्वे, सब इंजीनियर**, नगरपालिका बैतूल

## रुपए लिए लेकिन उपचार नहीं किया

# एयरफोर्स कर्मी महिला की मौत, अस्पताल में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




शहर के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत होने से हडक़ंप मच गया। मृतिका कल्याणी नायडू एयरफोर्स आमला में सफाई कर्मचारी के पद पर पदस्थ थीं। गुरुवार 25 फरवरी को वे पेट में गांठ के इलाज के लिए बैतूल के एक निजी अस्पताल में भर्ती हुई थीं, जहां सर्जरी के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और देर शाम उनकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर पर गलत इलाज करने और पैसे लेने के बावजूद समय पर उचित उपचार न देने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर ने पहले 20 हजार रुपये मांगे, फिर इलाज के दौरान हालत बिगडऩे के बावजूद सही इलाज नहीं किया। जब मरीज की हालत गंभीर हुई, तब देर रात जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल में हंगामा किया और डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इधर, सर्जरी करने वाले डॉक्टर ने कहा कि मृतिका पहले से ही हाई ब्लड प्रेशर और शुगर की मरीज थीं। जांच में उन्हें एक्सिलरी एब्सेस (फोड़ा) डायग्नोज हुआ था, जिसमें पस जमा थी। उसे निकालना जरूरी था, इसलिए माइनर प्रोसिजर किया गया। शाम करीब 5 बजे सर्जरी पूरी हो गई थी। उसके बाद मरीज को घबराहट और सांस लेने में तकलीफ हुई। संभवतः पल्मोनरी एडिमा की स्थिति बनी, जिससे बीपी शूट हुआ और बाद में फॉल होने से मौत हुई होगी।

### इनका कहना है

मामले की जांच के लिए तीन डॉक्टरों की टीम गठित की गई है, जो पूरे प्रकरण की जांच करेगी। वहीं, पुलिस ने भी मृतिका का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के पैनल से करवाया है।

डॉ. मनोज हुरमाड़े,
सीएमएचओ, बैतूल

### नलजल योजना, लेकिन पानी नहीं, परेशान हो रहे ग्रामीण

**शाहपुर।** ग्राम पंचायत मुड़ा के ग्राम टेटरमाल में ग्रामवासी पानी के लिए परेशान हो रहे है। मनोरीलाल इवने ने बताया कि ग्राम टेटरमाल में नल जल योजना की पाइपलाइन को बिछाए हुए बरसों हो गए। बोर भी किया गया। मोटर भी लगाई गई है, परंतु पानी की सप्लाई आज तक चालू नहीं की गई। सूचना कई बार नल जल योजना से संबंधित अधिकारियों को दी। अधिकारी ने सुध नहीं ली। पिछली ग्रीष्मऋतु में भी सोचते ही रह गए कि घरों के नलों में पानी आएगा। इस बार भी गर्मी का मौसम आ गया है, परंतु उनके नल में पानी की एक बूंद भी नहीं आई।

## पुलिस ने चाकूबाजी के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार



**बैतूल।** पुलिस ने चाकूबाजी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। 6 फरवरी को शेख ईमरान पिता शेख मोहम्मद इकबाल (40) निवासी तिलक वार्ड टिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 फरवरी के दोपहर करीबन 3 बजे लल्ली चौक पर पप्पू के पान ठेला पर खड़ा था, वहां पर सईद बाबा ने दारु पीने के लिए पैसे मांगे। मना करने पर सईद बाबा ने गाली गुफ्तार की। करीबन 3.30 बजे तिलक वार्ड नम्मू किराना दुकान के पास पहुंचा था कि सईद बाबा उसके लडक़े अनस और रूबेल के साथ आया और मुझे सामने से रोक कर बोला आज इसे खतम कर दो। सईद बाबा व उसके छोटे लडके रूबेल ने मुझे पकडा तथा अनस ने मुझे पेट में चाकू मारा और तीनों वहां से भाग गए। मेरे पेट से खून निकलने लगा। मैं तुरंत थाना कोतवाली गया, जहां से मुझे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए। घटना मोहल्ले के लोगों ने देखी है। सईद बाबा और उसके दोनों लडके अनस व रूबेल ने जान से खत्म करने के नियत से मुझ पर चाकू से पेट पर हमला किये है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 109(1), 126(2),3(5) बीएनएस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया। प्रकरण की विवेचना के दौरान विधि विवादित 2 बालको को 7 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। फरार आरोपी सईद बाबा को पुलिस ने 25 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।

## भोले महाराज एवं माताश्री मंगला आज बैतूल में

### सावरिया लोन तितली चौक में विशाल जनकल्याण समारोह को करेंगे सम्बोधित





**बैतूल।** देश की महान आध्यात्मिक विभूति भोले महाराज एवं माताश्री मंगला देवभूमि उत्तराखंड से चलकर आज 27 फरवरी को बैतूल पहुंचेगी। 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक भोले महाराज एवं माताश्री मंगला बैतूल के सांवरिया लोन तितली पार्क बड़ोरा में विशाल जनकल्याण समारोह को सम्बोधित करेंगे। समारोह का आयोजन हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर द्वारा किया जा रहा है। संस्था के मीडिया प्रभारी बी.के.त्यागी ने बताया कि जनकल्याण समारोह में भोले महाराज एवं माताश्री मंगला अध्यात्म ज्ञान के द्वारा लोगों के अंदर राष्ट्र प्रेम, भारतीय संस्कृति, विश्व शांति, मानवीय एकता, सामाजिक सद्भाव, परोपकार, मानव सेवा तथा जनकल्याण की भावना का संचार करेंगे। इसके साथ ही युवाओं को नशा जैसी बुराई से हटाकर उन्हें आध्यात्मिक, संस्कारवान एवं चरित्रवान बनाने पर जोर दिया जायेगा। बीके त्यागी ने बताया कि जनकल्याण समारोह में विभिन्न तीर्थों से आये कई संत-महात्मा भी सत्संग विचार रखेंगे। भजन गायक आत्मकल्याणकारी भजनों की प्रस्तुति कर श्रद्धालु-भक्तों को लाभान्वित करेंगे।

# नपा सीएमओ और उपयंत्री निलंबित बैतूल एसडीएम को सौंपा गया प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल





नगरपालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) सतीश मटसेनिया और उपयंत्री जतिन पाल को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने एसडीएम बैतूल डॉ. अभिजीत सिंह को परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण बैतूल और मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बैतूल का प्रभार सौंपा है। एसडीएम बैतूल अपने कार्यों के साथ साथ आगमी आदेश पर्यंत पीओ डूडा और सीएमओ बैतूल के दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे। बता दे कि कलेक्टर बैतूल द्वारा नगर पालिका परिषद बैतूल अंतर्गत किदवई वार्ड गौठाना स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड में लीगेसी वेस्ट डंप साइट रेमेडिएशन परियोजना के कार्य निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप न किए जाने की शिकायत पर गठित जांच दल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा निविदा शर्तों के अनुरूप कार्य निष्पादन नहीं होने के बावजूद ठेकेदार को अनियमित रूप से भुगतान किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा नगर पालिका परिषद बैतूल में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश मटसेनिया तथा उपयंत्री जतिन पाल को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में श्री मटसेनिया का मुख्यालय कार्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, संभाग नर्मदापुरम रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इसी प्रकार निलंबन अवधि में उपयंत्री जतिन पाल का मुख्यालय भी संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, संभाग नर्मदापुरम रहेगा और उन्हें भी नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## 50 टन कोयले का मिला था भंडारण, 12 लाख रुपए का जुर्माना नहीं भरने पर न्यायालय में पेश

# अवैध कोयला खनन भंडारण के दोषियों को 1-1 वर्ष सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अवैध कोयला उत्खनन कर भंडारण के अपराध के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आरोपी रामस्वरूप पिता महाजन उम्र 45 वर्ष औऱ लीला बाई पति ब्रजलाल उम्र 42 वर्ष दोनों निवासी ग्राम टेमरूमाल, तहसील घोड़ाडोंगरी को दोषी पाते हुए धारा 21(1) खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रूपए के अर्थदण्ड से किया गया। प्रकरण में राज्य की ओर से अजीत सिंह, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने पैरवी की। जानकारी के अनुसार 5 मार्च 2021 को शाम करीब 4:00 बजे खनिज अधिकारी बैतूल तथा सहायक कलेक्टर बैतूल द्वारा संयुक्त रूप से दल गठित कर ग्राम टेमरूमाल तवा नदी घाट पर निरीक्षण के दौरान पाया कि भूमि खसरा नं. 11/1, 11/2 एवं 67 पर सुरंग बनाकर कोयला उत्खनन किया जाकर जगह-जगह पर लगभग 50 टन कोयले का अवैध भंडारण पाया गया। उक्त अवैध कोयला खनिज एवं उत्खनन में प्रयुक्त सामग्री को जब्त किया गया। भूमि स्वामी रामस्वरूप एवं लीलाबाई के कथन लेखबद्ध किये गये तथा मौके का पंचनामा तैयार किया गया और जब्तशुदा कोयले को तहसील कार्यालय में सुरक्षार्थ रखवाया गया। खनिज अधिकारी बैतूल के द्वारा उक्त दोनों भूमि स्वामियों पर 12,16,500/- रुपये के प्रशमन शुल्क का मूल्यांकन कर प्रकरण प्रशमन राशि जमा करने के लिए कार्यालय कलेक्टर बैतूल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यालय कलेक्टर बैतूल ने 1 जून .2021 को अभियुक्तगण को उक्त प्रकरण में जवाब प्रेषित करने के लिए सूचना पत्र प्रेषित किया, किन्तु अभियुक्तगण द्वारा उक्त प्रशमन राशि जमा न किये जाने पर उनके विरूद्ध संबंधित मजिस्ट्रेट न्यायालय में लिखित परिवाद प्रस्तुत करने के लिए खनिज अधिकारी बैतूल को आदेशित किया गया। खनिज अधिकारी बैतूल द्वारा उक्त प्रकरण में अभियुक्तगण के विरुद्ध लिखित परिवाद प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा सशक्त पैरवी करते हुए अभियुक्तगण पर आरोपित अपराध को प्रमाणित किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय ने अभियुक्तगणों को उपरोक्त दण्डानुसार दंडित किय।

### स्कूल भवन की हालत जर्जर, दुर्घटना की संभावना




**शाहपुर।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुड़ा पंचायत के ग्राम टेटरमाल के प्राथमिक शाला के भवन की हालत जर्जर हो गई। बताया जा रहा है कि लगभग 40-45 वर्ष पूर्व बने कमरों में शाला संचालित की जा रही है। जिससे ग्राम के ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि 2010 में बनी यह बिल्डिंग पूरी तरह खराब हो गई है। स्कूल संचालिका शिक्षिका ने बताया कि उच्च अधिकारियों को इस बिल्डिंग के बारे में अवगत करा दिया है, परंतु ना तो बिल्डिंग को अभी उस जगह से डिस्मेंटल करके हटाया गया है और ना ही कोई नए भवन की उम्मीद दिखाई दे रही है। यहां पर प्राथमिक शाला के छोटे-छोटे बच्चे अध्ययन करने आते हैं। जिससे हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है।

## पेयजल विवादः नगरपालिका अध्यक्ष के दखल के बाद थमा, आज बुलाई आपातकालीन बैठक

# पार्षदों के विरोध पर एक दिन के अंतराल से जारी रहेगी पेयजल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

नगरपालिका में जल शाखा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों और नगरपालिका की सहमति के बिना, वर्तमान में पूरे शहर में एक दिन के अंतराल से की जा रही पेयजलापूर्ति को बदलकर 2 दिन के अंतराल से करने पर और पार्षदों के विरोध के बाद बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने पूरे मामले में दखल देकर फिलहाल विवाद का पटाक्षेप कर दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे ने नगर पालिका पहुंचकर पार्षदों के साथ चर्चा की और जलशाखा के एक तरफा निर्णय पर फिलहाल रोक लगा दी है। जल शाखा के एक तरफा निर्णय का विरोध दर्ज कराने नपा पहुंचे पार्षद अलका मानकर, पद्मिनी भूमरकर, नीलम साहू, खुशबू अतुलकर, सुधीर अंबाडकर और राकेश शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष को कर्मचारियों की निरंकुशता और बिना परिषद की सहमति के निर्णय लेने पर घोर आपत्ति दर्ज की थी। नगर पालिका में पार्षदो के विरोध के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने जल शाखा के विभाग के एक तरफा निर्णय लेने पर फटकार भी लगाई है। इस मामले में फिलहाल शहर में अध्यक्ष के दखल के बाद एक दिन के अंतराल से पेयजलापूर्ति होती रहेगी, इस दौरान शहर के लोगों ने पार्षदों का आभार भी जताया है।

### नपा अध्यक्ष ने 27 को बुलाई परिषद की आपात बैठक

इधर पर जलापूर्ति पर 1 दिन के अंतराल को बढ़ाकर 2 दिन करने पर छिड़े घमासान के बाद मामले की गंभीरता को समझते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने परिषद की 27 फरवरी को आपात बैठक बुलाई है, यहां उपस्थित पार्षदों के आग्रह पर आगामी जल संकट से निपटने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में शहर के कई स्थलों पर नलकूपों में मोटर लगाने पर भी विचार किया जाएगा, इसके अलावा संभवतः बैठक के बाद सभी पार्षद शहर के सबसे पुराने और परंपरागत जल स्रोत चिकना नाला का भी निरीक्षण करेंगे। माना जा रहा है, कि यहां चिकना नाला को लेकर परिषद कोई बड़ा फैसला भी ले सकती है।

### एक दर्जन से ज्यादा नलकूपों का अधिग्रहण करेगी नपा

आगामी जल संकट से निपटने के लिए नगरपालिका अपने सभी परंपरागत जल स्रोतों के अलावा कोई दर्जन भर निजी नलकूपों का भी अधिग्रहण करने जा रही है। इसके लिए नगर पालिका में वरिष्ठ अधिकारियों की सहमति से नलकूपों के अधिग्रहण की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। अगर नगर पालिका चिकना नाला एवं नए नलकूपों का अधिग्रहण करती है तो, शहर में गर्मी के मौसम में भी पेयजल व्यवस्था को बेहतर चलाया जा सकता है। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरें ने बताया है कि शहर की जनता की प्राथमिकता और समस्याएं सबसे पहले हैं, हम शहर को बेहतरी की ओर ले जाने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का शुभारंभ



**माखननगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के निर्देशन में प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के मार्गदर्शन में हुआ। पहले दिन पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ. मनीष शर्मा, पंकज बैरवा और मंजू मेहरा निर्णायक रहे, जबकि निबंध प्रतियोगिता में डॉ. आकांक्षा यादव और अन्य निर्णायक उपस्थित थे।

समाजसेवी स्व रवि गुरु जी की

### सुशीला बाई का निधन

**माखननगर।** सर्व ब्राह्मण समाज के गौरव रहे स्व रविशंकर शर्मा (रवि गुरुजी) की धर्म पत्नि अखिलेश आविष्कार की माता, आदेश, आवेश, आनंद, अनुभव की बड़ी मां सुशीला बाई शर्मा 83वर्ष का बुधवार रात्रि में निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को राज घाट नर्मदापुरम में किया गया। सुशीला बाई की अंत्येष्टि में सामाजिक एवं गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

### अनलोडिंग वाहनों से बाजार में बाधित होती आवाजाही

**सोहागपुर।** शहर के बाजार के अंदरूनी रास्तों पर प्रतिदिन अनलोडिंग वाहनों के कारण आवाजाही की बाधा होती है। रोजाना देर शाम अनलोडिंग वाहन बाजार के सभी अंदरूनी रास्तों को बाधित करते हैं। नागरिकों ने सुधार की अपेक्षा प्रशासन से की है। नागरिकों के अनुसार कई व्यापारी पिपरिया, नर्मदापुरम आदि क्षेत्रों से सामग्री मंगवाते हैं। सामग्री लेकर आने वाले वाहन मुख्य बाजार के मुख्य मार्ग पर रोके जाते हैं तथा मार्ग पर ही अनलोडिंग की जाती है। जब तक अनलोडिंग नहीं हो जाती, तब तक बाजार के मार्गों पर आवाजाही बाधित होती है। यदि कोई अन्य चौपाहिया वाहन इस दौरान बाजार क्षेत्र से गुजरता है तो जाम लगना तय हो जाता है। वहीं दुकानों का विस्तार भी मुख्य बाजार पर कर दिया जाता है। जिसके कारण बाधा और अधिक बढ़ जाती है। इसके अलावा अस्थाई दुकानें भी मुख्य मार्ग पर ही लगाई जाती हैं और उनके कारण भी यातायात की बाधा उत्पन्न होती है। नागरिकों ने सुधार की अपेक्षा की है।

## नर्मदा जल कनेक्शन सत्यापन अधूरा, फिर भी भेजे गए जलकर के मैसेज

# नप की कर वसूली हुई 60%, सीएमओ ने मार्च में वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए

वर्तमान वित्तीय वर्ष में सोहागपुर नप शहर के नागरिकों से कर वसूली में तीव्रता लाने का प्रयास कर रही है। वर्तमान में कर वसूली लक्ष्य से अभी भी लगभग 40% पीछे है। तथा कर वसूली बढ़ाने के निर्देश सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने राजस्व शाखा को दिये हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर प्रसाद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा तथा नगर परिषद की राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में करीब एक करोड़ 35 लाख रुपए कर वसूली का लक्ष्य है। जिसमें से अभी तक लगभग 80 लाख रुपए की वसूली हो पाई है। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने राजस्व निरीक्षक संजय परसाई व उनके अधीनस्थ राजस्व शाखाकर्मियों को निर्देशित किया है कि कर वसूली बढ़ाएं।

ताकि कर वसूली लक्ष्य के अधिक से अधिक समीप पहुंचा जा सके। बताया जाता है कि गुरुवार को राजस्व शाखा कर्मचारियों से वार्डवार वसूली लक्ष्य एवं अब तक हुई वसूली का डाटा संकलित करने के निर्देश दिए गए हैं।



### नल कनेक्शन का वेरिफिकेशन शेष

नगर परिषद सूत्र बताते हैं कि जलकर के मामले में फिलहाल वसूली की स्थिति ठीक नहीं है। क्योंकि नर्मदा जल का वितरण शहर में किया जा रहा है। तथा शहर में नर्मदा जल वितरण के 5000 से अधिक कनेक्शन हैं। लेकिन इनमें से भी अधिकतर कनेक्शन्स का वेरिफिकेशन नहीं हो पाया है। जिसके चलते नागरिकों को मोबाइल पर जलकर जमा करने के मैसेज जरूर प्राप्त हो रहे हैं। लेकिन नप कार्यालय में जाने पर नर्मदा जल के बदले कर प्रदाय का नागरिकों का डाटा प्राप्त नहीं हो रहा है। गौतम वार्ड निवासी उपभोक्ता ने गुरुवार को नप कार्यालय से जानकारी ली। तो ज्ञात हुआ कि ऑनलाइन सिस्टम में उनकी आईडी पर कोई विवरण प्राप्त नहीं हो रहा है। जबकि मोबाइल पर उपभोक्ता को जलकर जमा करने का मैसेज प्राप्त हुआ है।

### शिविर लगाएंगे

चर्चा में नगर परिषद राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने हरिभूमि संवाददाता को बताया कि मार्च माह में शहर के सभी वार्डों में कर वसूली के शिविर लगाए जाएंगे। परसाई ने बताया कि वैसे तो वर्षभर कर वसूली के शिविर शहरी वार्डों में लगाए जाते हैं। लेकिन मार्च में वृहद स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। ताकि कर वसूली के लक्ष्य का प्रतिशत बढ़ सके। उल्लेखनीय के शहर में 15 वार्ड हैं।

उल्लेखनीय है कि जिला नर्मदापुरम में नप सोहागपुर को कर वसूली में प्रायः अच्छे स्थान प्राप्त होते रहे हैं। लेकिन इस वर्ष अभी तक लगभग 60% वसूली हो पाई है। और सीएमओ ने वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

प्रिय नागरिक,वित्तीय वर्ष 2025-26 का सिस्टम जनरेटेड मांग राशि अनुसार जलकर आईडी क्रमांक W-25-112842 हेतु देय कर/उपभोक्ता प्रभार राशि रुपए 250.00 है। कृप्या अपने कर/उपभोक्ता प्रभार राशि का शीघ्र भुगतान करें| अधिक जानकारी हेतु https://enagarpalika.mp.gov.in/ पर क्लिक करें|- नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी|

### इन करों की वसूली होती

नगर परिषद से प्राप्त जानकारी अनुसार निकाय शहरी नागरिकों से संपत्ति कर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, सेवा कर, जलकर आदि की वसूली करती है। जल कर के मामले में आंकड़ा थोड़ा परिवर्तित हो सकता है। क्योंकि अब शहर के अधिकतर क्षेत्रों में नप की पेयजल वितरण पाइप लाइन बंद की जा चुकी है। और अब नर्मदा जल वितरित किया जा रहा है। शहर के अधिकतर वार्डों में नर्मदा जल का वितरण शुरू हो चुका है। तथा जब तक नप में नर्मदा जल वितरण के लिए दिये गए सभी नल कनेक्शनों का वेरिफिकेशन पूर्ण नहीं हो जाता है, तब तक जलकर वसूली नहीं की जाएगी।

### शिविर के निर्देश दिए

कर वसूली के प्रयास जारी हैं। मैंने राजस्व शाखा को कर वसूली के लिए शहरी वार्डों में शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं।

**धर्मेंद्र शर्मा**, सीएमओ, नगर परिषद सोहागपुर

# आंसुओं के बीच चले 'हाइड्रा' जमींदोज हुए आशियाने



रिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के घाटली रपटा क्षेत्र में गुरुवार को खसरा नंबर 459 की भूमि पर कब्जा दिलाने पहुंची प्रशासनिक टीम ने भारी विरोध के बावजूद बुलडोजर और हाइड्रा मशीनों से 8 परिवारों के घरों को मलबे में तब्दील कर दिया। बरसों की मेहनत से तिनका-तिनका जोड़कर बनाए गए आशियानों को उजड़ता देख महिलाएं और बच्चे बिलखते रहे, लेकिन कोर्ट के आदेश का हवाला देकर हर गुहार को अनसुना कर दिया गया।

### मलबे के ढेर पर खड़े सुलगते सवाल

हाथों में अपने घर के बर्तन और बिखरा हुआ सामान समेटते पीड़ितों ने प्रशासन की दोहरी नीति पर कड़े सवाल उठाए हैं। पीड़ितों का कहना है कि अगर हमारा निर्माण अवैध था और जमीन हमारी नहीं थी, तो शासन ने हमें जमीन के पट्टे क्यों दिए? प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए सरकारी पैसा क्यों जारी किया गया? आज जब हमने सिर छिपाने की छत बना ली, तो उसे अवैध बताकर हमें सड़क पर क्यों फेंक दिया गया?

### खसरा नंबर के खेल में उलझा विवाद

कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी तनाव की स्थिति बनी रही। स्थानीय नागरिकों ने मशीनों के आगे खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि प्रशासन खसरा नंबर 459 की आड़ में खसरा नंबर 460 पर बने वैध मकानों को भी निशाना बना रहा है। हालांकि, मौके पर मौजूद प्रभारी आरआई ने स्पष्ट किया कि वे केवल न्यायालय के आदेश का पालन कर रहे हैं और 1.85 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा दिलाने की यह कानूनी प्रक्रिया अनिवार्य है।

### बेबस बचपन व बूढ़ी आंखें

**विरोध दरकिनारः** भारी पुलिस बल और प्रशासनिक सख्ती के आगे प्रदर्शनकारियों की एक न चली।

**बदहवास परिवार :** जिनके घर टूटे, वे मलबे से अपनी यादें और गृहस्थी का सामान निकालते नजर आए। बच्चों की रुलाई ने वहां मौजूद हर व्यक्ति का दिल दहला दिया।

**ट्रैफिक प्रभावितः** इस बड़ी कार्रवाई के कारण घाटली रोड का आवागमन घंटों बाधित रहा, जिससे राहगीरों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

# सादगी और सामाजिक एकता का प्रेरक उदाहरण बना

## कुचबंदिया समाज का विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

कुचबंदिया समाज द्वारा आयोजित निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को सिवनी मालवा में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक रीति-रिवाजों और सामाजिक उत्साह के बीच कई जोड़ों ने वैवाहिक बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। इस आयोजन ने सामाजिक एकता, सादगी और सामूहिक सहयोग का प्रेरक संदेश दिया।

### वैदिक विधि से संपन्न हुए सभी वैवाहिक संस्कार

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः ईष्ट देवता की पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसके पश्चात मंडप पूजन, वरमाला, कन्यादान एवं सप्तपदी जैसी सभी वैवाहिक रस्में विधिवत और पारंपरिक रीति से संपन्न कराई गईं। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक



माहौल बना रहा।

### मप्र व राजस्थान से पहुंचे कई जोड़े

इस विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन में मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से आए अनेक जोड़ों ने भाग लिया। समाजजनों की उपस्थिति और सामूहिक सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल और अनुशासित रूप से संपन्न हुआ। परिवारों ने कम खर्च में सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न होने पर संतोष व्यक्त किया।

### कुचबंदिया कॉलोनी से निकाली बारात

शाम 4 बजे कुचबंदिया कॉलोनी से भव्य बारात निकाली गई, जो गांधी चौक और पाठक चौक मार्ग से होते हुए सरदार वल्लभ पटेल परिसर पहुंची। बारात में हजारों की संख्या में समाजजन, परिजन और नागरिक शामिल हुए। परिसर में दूल्हों एवं बारातियों का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति पवन शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनावश्यक खर्च और कर्ज से परिवारों को बचाने का सशक्त माध्यम है।

# रेलवे स्टेशन पर 10 करोड़ के ओवरब्रिज का काम शुरू नहीं हुआ, जनता परेशान

रिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन पर बनने वाला 10 करोड़ रुपये लागत वाला ओवरब्रिज पिछले 6 महीनों से लटका हुआ है। इस परियोजना को पिपरिया को अमृत स्टेशन बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री और प्रधानमंत्री के समर्थन से स्वीकृत किया गया था। विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया था, और रैंक पाइंट के पास ओवरब्रिज का निर्माण भी शुरू हुआ था। हालांकि, शहर के बीच स्थित



पुराने फुट ओवरब्रिज को तोड़ने के बाद, नया ओवरब्रिज और लिफ्ट का काम अभी तक शुरू नहीं हो सका है। इसके कारण पचमढ़ी हिल स्टेशन जाने वाले यात्रियों को अत्यधिक परेशानी हो रही है। फुट ओवरब्रिज के टूटने के बाद से लोगों को सुरक्षित तरीके से यात्रा करने में दिक्कतें आ रही हैं। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही काम प्रारंभ किया जाएगा। रेलवे समिति सदस्य ललिता पूरविया ने बताया कि अधिकारियों ने जिले के सभी रेलवे स्टेशनों पर ओवरब्रिज के काम शीघ्र शुरू करने का वादा किया है। पिपरिया स्टेशन पर भी इलेक्ट्रॉनिक ओवरब्रिज पर विचार किया जा रहा है, और कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। स्टेशन अधीक्षक पिपरिया ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक ओवरब्रिज पर लगातार विचार किया जा रहा है। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

# परमात्मा भक्त से भक्ति व कृपा नाम की दो अंगुल की दूरी पर: तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम आम खेड़ी मैं चल रही श्रीमद् भागवत के पंचम दिवस में कथा व्यास पं. सदभव तिवारी ने भक्तों को भगवान नंद नंदन राधारमण श्री कृष्ण की सुंदर बाल लीला का वर्णन करते हुए बताया कि जब भगवान को औखली में बांधा तो हर बार रस्सी दो अंगुल कम पड़ जाती रस्सी हर दो अंगुल पड़ने के पीछे का कारण यह था कि भक्त और भगवान की बीच सिर्फ़ दो अंगुल की दूरी ही है एक अंगुल भक्ति की दूसरी अंगुल कृपा की जब भक्ति होती है तो कृपा अपने आप हो जाती है कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे आज की कथा में पूतना वध, शक्तासुर वध, ओखली लीला, कालिया नाग उद्धार लीला और गोवर्धन पूजन लीला से अवगत कराते हुए सभी भक्तों को भक्ति रसमय गोते भगवान




हुए कथा श्रवण करायी सभी भगवान भक्तों ने गोवर्धन पूजन का उत्सव बड़े धूमधाम से नाचते गाते हुए मनाया। कथा में बहुत बड़ी संख्या में जन समुदाय उपस्थित हुआ ।

# सोहागपुर विधायक की अनुशंसा पर 11 निर्माण कार्यों के लिए 15 लाख 90 हजार 669 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर/माखन नगर



विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से 11 निर्माण कार्यों के लिये 15 लाख 90 हजार 669 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जानकारी अनुसार माखन नगर में 11 निर्माण कार्यों के लिए यह प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर शासकीय पीएम श्री कन्या विद्यालय माखननगर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए एक लाख 31 हजार 638 रूपये, नप माखननगर के वार्ड क्रमांक नौ में हनुमान मंदिर के पास सार्वजनिक चबूतरा निर्माण के लिए एक लाख 49 हजार 29 रूपये, वार्ड क्रमांक 10के कहार मोहल्ले में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण के लिए 69 हजार 23 रूपये तथा धोबी मोहल्ला में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण के लिए 69 हजार 23 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्ड क्रमांक एक के ढोंगा मोहल्ला में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण के लिए एक लाख तीन हजार 628 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, जिसमें विधायक निधि से एक लाख रूपये एवं निकाय राशि से तीन हजार 628 रूपये शामिल है। वार्ड क्रमांक तीन में मुख्य मार्ग से खेड़ापति मंदिर तक सीसी रोड निर्माण के लिए तीन लाख तीन हजार 294 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें विधायक निधि से तीन लाख रूपये एवं निकाय राशि तीन हजार 294 रूपये शामिल हैं। वार्ड क्रमांक चार आवास कालोनी में चबूतरा निर्माण के लिए दो लाख दो हजार 620 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें विधायक निधि से दो लाख रूपये एवं निकाय राशि दो हजार 620 रूपये शामिल हैं। वार्ड क्रमांक सात में माता मंदिर के पास सार्वजनिक चबूतरा एवं टीन शेड निर्माण के लिए एक लाख 54 हजार 815 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, जिसमें विधायक निधि से एक लाख 50 हजार रूपये एवं निकाय राशि चार हजार 815 रूपये है। वार्ड क्रमांक आठ में पुलिया निर्माण कार्य के लिए एक लाख 67 हजार 913 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें विधायक निधि से एक लाख 50 हजार रूपये एवं निकाय राशि 17 हजार 913 रूपये है। वार्ड क्रमांक 12 में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण के लिए एक लाख 32 हजार 870 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें विधायक निधि से एक लाख 30 हजार रूपये एवं निकाय राशि दो हजार 870 रूपये है। वार्ड क्रमांक 15 में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण के लिए एक लाख 06 हजार 816 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें विधायक निधि से एक लाख रूपये एवं निकाय राशि छह हजार 816 रूपये शामिल है।

## जिला पंचायत सीईओ ने केसला का दौरा किया

# जल संकट से निपटने 'नल-जल' और 'वाटरशेड' पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने गुरुवार को विकासखंड केसला की विभिन्न ग्राम पंचायतों का सघन दौरा कर शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। सीईओ ने शिक्षा, जल संरक्षण, प्रधानमंत्री आवास और नल-जल योजना के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस निरीक्षण दौरे के दौरान जनपद सीईओ केसला श्रीमती सुमन खातरकर सहित विभागीय अधिकारी, उपयंत्री एवं



संबंधित पंचायतों के सचिव-जीआरएस मौजूद रहे।

### नलजल का जायजा लिया

दौरे की शुरुआत ग्राम पंचायत भरगदा स्थित एकलव्य स्कूल से हुई, जहां सीईओ ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर शैक्षणिक गतिविधियों और स्कूल परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद वे भाड़भुड़ पहुंचे, जहां पंचायत भवन के रखरखाव और निर्माणाधीन नल-जल योजना के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन आम जनता की सुविधाओं का केंद्र होना चाहिए। सीईओ जैन ने ग्राम पंचायत कालाआखर और चारटेकरा में वाटरशेड योजना के अंतर्गत बन रहे खेत तालाबों का निरीक्षण किया।

**कमलाबाई का अमृत सरोवरः** विशेष रूप से कमलाबाई के खेत पर बने अमृत सरोवर का अवलोकन कर उन्होंने जल संचयन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वाटरशेड के ये कार्य न केवल भू-जल स्तर बढ़ाएंगे बल्कि किसानों की आय का भी साधन बनेंगे।

### गर्मी में न हो पानी की किल्लत

आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए सीईओ ने नया मल्लुपुरा, नया भाड़भूड और कालाआखर में नल-जल योजनाओं का विशेष निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी चालू योजनाओं की सतत निगरानी की जाए। आगामी गर्मी के सीजन में पेयजल आपूर्ति सुचारू रहे, इसके लिए अभी से बैकअप प्लान तैयार करें। तकनीकी खामियों को तत्काल दुरुस्त किया जाए।

### आवास निर्माण और हितग्राहियों से सीधा संवाद

ग्राम पंचायत केसला और ताकू में निर्माणाधीन विकास कार्यों के साथ-साथ सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे घरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने आवास का कार्य समय पर पूर्ण करें ताकि वे जल्द अपने स्वयं के घर में प्रवेश कर सकें।

# मार्ग अवरूद्ध करने वालों पर नपा की टीम ने की कार्रवाई

## नेहरू पार्क चौपाटी से 2 टेबल, 12 कुर्सियां जब्त

रिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगरपालिका की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बार बार समझाइश देने के बाद भी सड़क किनारे व्यवसाय कर रहे यातायात व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। आज अतिक्रमण दल द्वारा कार्रवाई की गई है। अतिक्रमण दल के सहप्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर यातायात को सुगम बनाया जा रहा है। सड़क किनारे व्यवसाय कर मार्ग अवरूद्ध कर रहे लोगों को बार-बार समझाइश देने के बाद भी नहीं मान रहे हैं। आज नगरपालिका की



टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए नेहरू पार्क चौपाटी से 2 टेबल और 12 कुर्सियां जब्त की गई हैं साथ ही समझाइश दी गई कि इस तरह मार्ग अवरूद्ध करेंगे नगरपालिका वैधानिक कार्रवाई करेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी। कार्रवाई प्रतिदिन की जा रही है। कार्रवाई में सतीश रघुवंशी, अनिल बघेल, नीतेश गौर आदि मौजूद थे।

### दादा गुरु संत की नर्मदा परिक्रमा का भव्य स्वागत



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र सहित विभिन्न नर्मदा तटों पर दादा गुरु संत की तीसरी पैदल नर्मदा परिक्रमा का भव्य स्वागत किया गया। तीन वर्षों से केवल मां नर्मदा के जल पर जीवन यापन करते हुए वे सैकड़ों परिक्रमावासियों के साथ यात्रा कर रहे हैं। ग्राम पंचायत खापरखेड़ा में सरपंच सुलभ गोदानी ने पूजन व सम्मान किया, वहीं युवा नेता सतपाल पलिया ने पुष्प वर्षा से अभिनंदन किया। ग्राम पंचायत सिवनी-साडियां के सरपंच रामजी दीक्षित सहित रेवा सेवा भक्त मंडल ने भी स्वागत किया। सनातन धर्म जागरण हेतु यह यात्रा ऐतिहासिक मानी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### शराब दुकानों की नीलामी आज होगी

**हरदा।** नवीन आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के अनुसार हरदा जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार, जिले की 18 कम्पोजिट मदिरा दुकानों को 5 समूहों में बांटकर ई-टेंडर (ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन) के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। यह कार्यवाही 27 फरवरी से 7 मार्च तक तीन चरणों में संपन्न होगी। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि सभी 5 समूहों का आरक्षित मूल्य 144 करोड़ 29 लाख 75 हजार 201 रूपये है जो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक है।

### अवैध मदिरा विक्रय के 15 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के बैरागढ़, टंकी मोहल्ला, खेड़ीपुरा, बड़ी नहर के पास छीपानेर रोड़ हरदा, ग्राम बगवाड़, चारखेड़ा, नांदरा, सोडलपुर, टिमरनी, ग्राम महेंद्रगांव, सुलतानपुर व अजरूत रैय्यत में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 19 पाव देशी शराब, 45 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1690 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 15 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 1,79,425 रूपये है।

### वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**हरदा।** वृद्धाश्रम हरदा में आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के समन्वय से गुरुवार को वरिष्ठजन के लिए हॉलिस्टिक वेल बींग कैंप का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि वृद्धाश्रम में डॉ. मोना सकवाया द्वारा वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निशुल्क औषधि वितरित की गई। इसके साथ स्वस्थ रहने संबंधी सलाह भी दी गई तथा पर्सनल केयर किट प्रदाय की गयी। इस दौरान सामाजिक न्याय विभाग से स्टाफ लक्ष्मी चंदेरिया एवं प्रफुल्ल श्रीवास ने सहयोग प्रदान किया।

### औषधालय व स्कूल का निरीक्षण किया

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को टिमरनी विकासखण्ड के छिदगांवमेल में आंगनबाड़ी केन्द्र, आयुष औषधालय एवं शासकीय हाई स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने आंगनबाड़ी में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही हाई स्कूल में परीक्षाओं के संचालन की जानकारी ली। एसडीएम संजीव नागू भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।

### नदी में अज्ञात युवती का शव मिला

**भैरुंदा।** थाना भैरुंदा अंतर्गत ग्राम नंदगांव स्थित अम्बर नदी में बुधवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

---

### हरदा बांसकारी महोत्सव में दिखी बांस आधारित आजीविका की नई तस्वीर

# हरदा में मनरेगा से बांस रोपण होगा, खुद कारीगर उगाएंगे कच्चा माल : कलेक्टर





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

जिले की टिमरनी तहसील स्थित बांसकारी - बांस टेक्नोलॉजी सेंटर सह कॉमन फैसिलिटी सेंटर में आयोजित हरदा बांसकारी महोत्सव - 2026 ने बांस आधारित आजीविका, उद्यमिता और बाज़ार संभावनाओं की एक सशक्त झलक प्रस्तुत की। यह कार्यक्रम दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) एवं सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में, मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बांस उत्पादों की प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। इसके पश्चात औपचारिक शुभारंभ सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अतिथियों ने सहभागिता की। संचालक बांसकारी एवं अध्यक्ष सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसाइटी डॉ. मोनिका जैन ने स्वागत वक्तव्य देते हुए बांसकारी की यात्रा, सीएफसी की भूमिका और महिलाओं, युवाओं व कारीगरों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को रेखांकित किया। इसके बाद डिक्की अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया ने कार्यक्रम के उद्देश्य और रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए ओडीओपी बांस, उद्यम विकास, बाज़ार से जुड़ाव और उद्यमियों के लिए अवसरों पर प्रकाश डाला।

#### बांस केवल शिल्प नहीं, बल्कि हरदा जिले की आर्थिक पहचान

मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने अपने संबोधन में कहा कि बांस केवल एक शिल्प नहीं, बल्कि हरदा जिले की आर्थिक पहचान है। उन्होंने कारीगरों को कच्चे बांस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वन भूमि/उपयुक्त भूमि पर बांस प्लांटेशन तथा मनरेगा के माध्यम से बांस रोपण की संभावनाओं पर कार्य करने की बात कही। उन्होंने यह भी बताया कि कलेक्टोरेट सहित सरकारी आयोजनों में फूलों के गुलदस्तों के स्थान पर बांस से बने प्लांटर व अन्य उत्पादों को भेंट स्वरूप अपनाया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ महिलाओं को रोज़गार भी मिल रहा है। साथ ही होटल उद्योग एवं सरकारी कार्यालयों में उपयोग होने वाली सामग्रियों को बांस से बनाने हेतु टाई-अप के प्रयासों की जानकारी दी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिनिधि तथा बैंबू प्रोडक्शन एवं प्रोडक्ट डेवलपमेंट एक्सपर्ट श्याम विश्वनाथ ने बांस उत्पादन, गुणवत्ता, डिज़ाइन और उत्पाद विकास पर उपयोगी तकनीकी जानकारी साझा की।

#### संभावनाओं और सरकारी सहयोग पर जानकारी दी

तकनीकी सत्रों में एमपीआईडीसी के रीजनल ट्रेड एडवाइजर शुभम गुप्ता ने एक जिला एक उत्पाद बांस, निर्यात संभावनाओं और सरकारी सहयोग पर विस्तृत जानकारी दी। वॉलमार्ट वृद्धि के प्रतिनिधि समीर मिस्त्री ने ई-कॉमर्स सपोर्ट, एक्सपोर्ट सपोर्ट और लोकल-टू-ग्लोबल बिजनेस मॉडल पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार छोटे कारीगर और उद्यमौ डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों तक पहुँचै बैना सकते हैं। डाक विभाग द्वारा संचालित डाक घर निर्यात केन्द्र के मैनैजर भवानी शंकर ने बताया कि हरदा से बांस के उत्पाद कैसे डाकघर के माध्यम से जिले और राज्य के बाहर, यहां तक कि विदेशों में भेजे जा सकते हैं। उन्होंने कारीगरों और उद्यमियों को इसकी प्रक्रिया समझाई।

#### बांस उत्पाद निर्माताओं और बायर्स के बीच सीधा संवाद

महोत्सव में आयोजित बॉयर-सेलर मीट में बांस उत्पाद निर्माताओं और बायर्स के बीच सीधा संवाद हुआ, जिससे संभावित व्यापारिक सहयोग के अवसर बने। बायर्स ने अपनी प्रोडक्ट डिमांड बताई और कारीगरों ने इस हिसाब से प्रोडक्ट बनाने पर सहमति जताई। इसके साथ ही लगे स्टॉल और प्रदर्शनी में उच्च गुणवत्ता वाले बांस उत्पाद, प्लांटर, होम डेकोर आइटम्स, यूटिलिटी प्रोडक्ट्स और लाइफ स्टाइल उत्पाद, आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बेहतर फिनिशिंग, आधुनिक डिज़ाइन और उपयोगिता ने बांस उत्पादों की बढ़ती बाज़ार क्षमता को दर्शाया।

#### बांसकारी बना प्रभावी मॉडल

कार्यक्रम के अंत में यह संदेश उभरकर सामने आया कि बांसकारी मॉडल प्रशिक्षण, तकनीक, बाज़ार और नीति के समन्वय से ग्रामीण आजीविका और उद्यमिता को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम बन रहा है। हरदा बांसकारी महोत्सव ने यह सिद्ध किया कि सही मार्गदर्शन और सहयोग से स्थानीय हुनर को स्थायी और सम्मानजनक आजीविका में बदला जा सकता है।

---

## शोरूम में सर्विस एडवाइजर के साथ की गई मारपीट के मामले में अब तक 4 गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

इंदौर रोड स्थित बजाज शोरूम में सर्विस एडवाइजर के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस पूरे मामले में पुलिस अब तक कुल चार आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। 18 फरवरी को सर्विसिंग के फीडबैक को लेकर हुए विवाद के बाद इन आरोपियों ने शोरूम में घुसकर कर्मचारी की जमकर पिटाई की थी, जिसकी तस्वीरें सीसीटीवी में कैद हो गई थीं। जानकारी के अनुसार, 18 फरवरी को बजाज शोरूम के सर्विस एडवाइजर प्रसंग शर्मा (22) ने एक ग्राहक अरुण कतिया को वाहन सर्विसिंग का फीडबैक लेने के लिए फोन किया था। बातचीत के दौरान अरुण ने सर्विसिंग को लेकर असंतोष जताया। जब कर्मचारी ने उसे वाहन शोरूम लाकर चेक कराने की सलाह दी, तो वह भड़क गया। अरुण ने फोन पर ही धमकी दी और कुछ देर बाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ शोरूम पहुंचकर कर्मचारी के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। सिविल लाइन थाना टीआई आर.एस. तिवारी ने बताया कि मामले में फरार चल रहे आरोपी आकाश गोस्वामी (निवासी खेड़ीपुरा) और शुभम शर्मा (निवासी विकास नगर) को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इससे पहले पुलिस मुख्य आरोपी अरुण कैथवास (कतिया) और गोविंद लोखंडे को भी गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए कुछ आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी है। सरेआम शोरूम में घुसकर कर्मचारी के साथ हुई इस गुंडागर्दी के बाद शहर के व्यापारियों और सिंधी समाज में भारी आक्रोश फैल गया था। घटना के तुरंत बाद व्यापारियों और समाज के लोगों ने एकजुट होकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने इस गुंडागर्दी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस ने लगातार दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

---

### फैसले का कड़ा विरोध करते हुए ज्ञापन दिया

## 1906 से संचालित उप डाकघर को बंद करने के आदेश से बवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

रेलवे स्टेशन पर साल 1906 से संचालित हो रहे ऐतिहासिक उप डाकघर को बंद करने के आदेश पर बवाल मच गया है। जमना जैसानी फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने इस फैसले का कड़ा विरोध करते हुए हरदा के पोस्टमास्टर अरविंद जोशी को ज्ञापन सौंपा है। शहर में पहले ही दो उप डाकघर बंद किए जा चुके हैं, और अब सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाले इस तीसरे डाकघर पर ताला लटकने की नौबत आ गई है, जिससे आम नागरिकों में भारी रोष है। फाउंडेशन के मुताबिक, यह उप डाकघर पिछले 120 सालों (1906 से संचालित) से लोगों की सेवा कर रहा है। वर्तमान में यह 'सिंगल हैंड' (एक कर्मचारी द्वारा) संचालित था। शहरवासी लंबे समय से इसे 'डबल हैंड' किए जाने की मांग कर रहे थे, लेकिन प्रशासन ने सुविधाओं को बढ़ाने




और मांग पर विचार करने के बजाय इसे पूरी तरह से बंद करने का ही आदेश जारी कर दिया। पदाधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन स्थित होने के कारण इस उप डाकघर पर डाक का सबसे अधिक आवागमन होता है। रक्षाबंधन जैसे त्योहारों पर बहनें यहीं से भाइयों को राखियां भेजती हैं। इसके बंद होने से सुकन्या समृद्धि योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, अल्प बचत योजनाएं, बैंकिंग और पार्सल सेवा जैसी कई महत्वपूर्ण सुविधाओं का लाभ लोगों तक सुगमता से नहीं पहुंच पाएगा।

फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के हालिया बयान का हवाला देते हुए प्रशासन को आईना दिखाया। सिंधिया ने हाल ही में कहा था कि ₹डाकिया चलता है तो देश चलता है।₹ प्रतिनिधियों ने कहा कि एक तरफ मंत्री डाक विभाग को सशक्त बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ हरदा जिले में सदियों पुराने डाकघरों को बंद कर डाक सेवाओं को कमजोर किया जा रहा है। फाउंडेशन ने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन उप डाकघर को बंद करने के इस आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की सख्त मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान निकुंज अग्रवाल, धर्मेंद्र सोनी, अनिल अग्रवाल और प्रवीण शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

## भारतीय मजदूर संघ ने रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया




**सीहोर।** भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय आह्वान पर बुधवार को जिला संगठन द्वारा देशव्यापी विरोध दिवस मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कर्मचारियों व श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व भोपाल नाका पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भामस के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यर्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम परमार ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विभाग प्रमुख अनिल शर्मा, वीरसिंह गुर्जर, आंगनवाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष उषा राठौर, राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष गोपालसिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष कुंदन राय, दैवेभो कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव विनोद बोयत मौजूद रहे।

---

## अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा का पदग्रहण व सम्मान समारोह संपन्न



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा**

जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा हरदा का गरिमामय पदग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ। शुभारंभ में संस्कृत भाषा में भगवान श्री गणेश, भगवान शिव एवं माँ नर्मदा के वंदन से हुआ। तत्पश्चात कुलदेवी माँ लक्ष्मी के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन किया गया एवं श्रीअग्रसेन महाराज जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। इस कार्यक्रम में भारती अग्रवाल एवं उनके पति सुरेश कुमार अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही।

इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष भारती अग्रवाल द्वारा महासभा की नव-नियुक्त पदाधिकारी बहनों को बेच एवं नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही युवा वर्ग में अंकुश अग्रवाल को नगर अध्यक्ष नीरज अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर प्रशस्ति पत्र एवं बेच से सम्मानित किया गया। अपने प्रेरक उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष भारती अग्रवाल ने समाज को संगठित, एकजुट एवं सक्रिय रहने का संदेश देते हुए कहा कि हमें व्यक्तिगत स्वार्थ, ईर्ष्या एवं मतभेद से ऊपर उठकर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से समाज उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने संगठन को निरंतर सक्रिय एवं सशक्त बनाए रखने हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर सुरेश कुमार अग्रवाल ने समाज की जनगणना, एकजुटता एवं संगठनात्मक मजबूती पर प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित रहकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल, जिला महामंत्री राखी अग्रवाल, जिला सहमंत्री सीमा अग्रवाल, जिला उपमंत्री संगीता अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, जिला सचिव सोनाली अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी हेमलता अग्रवाल, नगर अध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, नगर सचिव रीना अग्रवाल, नगर कोषाध्यक्ष मीना अग्रवाल, नगर मिडिया प्रभारी श्वेता अग्रवाल, कविता अग्रवाल सहित महिला महासभा की पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन जिला मीडिया प्रभारी हेमलता अग्रवाल ने अपनी प्रभावशाली भाषा एवं मौलिक विचारो से किया। जिसमें नगर मीडिया प्रभारी श्वेता अग्रवाल का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल ने भी संगठन को सशक्त बनाने हेतु अपने विचार व्यक्त किए।

---

### बाजार से हल्दी खरीदकर पिलाई थी उसके बाद बिगड़ी तबीयत

# 61 भेड़-बकरियों की मौत : पशुपालक बोला उल्टी के बाद अचानक जमीन पर गिरने लगीं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर**

जिले के मैना और खामखेड़ा गांवों के बीच पशुपालकों के डेरे में उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक 150 से 200 भेड़-बकरियों की मौत हो गई। यह घटना पशुओं को हल्दी का घोल पिलाने के कुछ ही समय बाद हुई।

जानकारी के अनुसार, पशुपालकों ने ग्राम मैना के साप्ताहिक बाजार से पिसी हुई हल्दी खरीदी थी। इसे पानी में घोलकर भेड़-बकरियों को पिलाया गया। घोल पीने के कुछ देर बाद ही पशुओं में उल्टी, अत्यधिक कमजोरी और अचानक गिरने जैसे लक्षण दिखाई देने लगे।

**कुछ ही समय में बड़ी संख्या में मौत :** स्थिति तेजी से बिगड़ती चली गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में पशु अचेत होकर



गिरने लगे। थोड़ी ही देर में एक के बाद एक करीब 61 भेड़-बकरियों की मौत हो गई, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान हुआ है। घटना के बाद पशुपालकों ने आशंका जताई है कि बाजार से खरीदी गई हल्दी में मिलावट या किसी जहरीले रसायन की मौजूदगी हो सकती है। ग्रामीणों ने इतनी बड़ी संख्या में पशुओं की मौत को असामान्य बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने दी जाती है भेड़-बकरियों को हल्दी :** देसी पशुपालकों में भेड़ों और बकरियों को हल्दी पिलाने की परंपरा पुरानी है। विशेषज्ञों के अनुसार हल्दी में प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और सूजनरोधी गुण होते हैं, जो पेट दर्द, दस्त, अफारा और आंतों के संक्रमण में लाभकारी माने जाते हैं। प्रसव के बाद हल्दी देने से अंदरूनी सफाई और कमजोरी दूर होने में मदद मिलती है।

साथ ही यह रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। हालांकि, पशुपालन विशेषज्ञ हल्दी सीमित मात्रा में ही देने की सलाह देते हैं। अधिक मात्रा या मिलावटी हल्दी पशुओं के लिए गंभीर रूप से नुकसानदायक हो सकती है। गंभीर स्थिति में पशु चिकित्सक से परामर्श जरूरी है।